राजकीय महाविद्यालय,उन्नाव

सेवा में,

उपनिदेशक रूसा,

लखनऊ

<u>मातृभाषा दिवस कार्यकम की आख्या</u>

राजकीय महाविद्याालय उन्नाव के सभागार में आज दिनांक 20.02.2020 को मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसका प्रारम्भ प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय उन्नाव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। संयोजिका डॉ0 मीता अरोरा द्वारा समस्त प्राध्यापकों के स्वागतोपरान्त छात्र/छात्राओं को परिचर्चा हेतु आमंत्रित किया गया। बीए–प्रथम वर्ष की सबिया, बैशाली आरती शशीबाला, खुशबू ने अपनी मातृभाषाओं उर्दू, अवधी, बैसवाडी के विषय में चर्चा की। बीए–द्वितीय वर्ष की आराध्या ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। हिमांशु, गायत्री, कृतिका के समूह ने ब्रजभाषा के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा की। समूह परिचर्चा के उपरान्त वाणिज्य विभाग के डॉ आलोक रस्तोगी ने सहज उदाहरणों व आंकडों के आधार पर अपना प्रभावपूर्ण व्याख्यान दिया जिसमें भारत में बोली जाने वाली लगभग 1650 मातृभाषाओं के विषय में चर्चा की। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार तिवारी ने बाडी लैंगवेज को आधार बनाते हुए मातृभाषा पर प्रभावपूर्ण व्याख्यान दिया। कार्यकम के अन्त में अति उत्साह में छात्र–छात्राओं ने लोकगीत भी प्रस्तुत किये तथा अग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ0 नीता दीक्षित ने दक्षिण भारतीय भाषाओं का उदाहरण देते हुए फिल्मों व मनोरंजन के अन्य साधनाों के माध्यम से मातृभाषा के प्रसार प्रसार का वर्णन किया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 रितेश कुमार सिंह ने पौराणिक काल से चली आ रही विश्वस्तरीय भाषाओं के विषय पर प्रकाश डाला। अन्त में अध्यक्षीय सम्बोधन में प्राचार्य डॉ0 एस0पी0 सिंह ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए जहाँ परीक्षाओं के लिए शुभकामनायें दी वहीं मातृभाषा के महत्व पर सहज भाव से विचार प्रकट किये। कार्यकम के अन्त में संयोजिका डॉ0 मीता अरोरा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण व कर्मचारी उपस्थित रहें।

भवदीय

20.02.20

(डॉ0 एस0पी0 सिंह)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
उन्नाव

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,लखनऊ को सादर सूचनार्थ

20.02.20

(डॉ0 एस0पी0 सिंह)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
उन्नाव